THE LAIDLAW MEMORIAL SCHOOL & JUNIOR COLLEGE, KETTI
ENTRANCE EXAMINATION – (2021 - 2022)
SUBJECT: HINDI

CLASS: VI (6) **DATE: / /2022**
READING TIME: 5 MINS **TOTAL MARKS: 25**
WRITING TIME: 1 HOUR **NO. OF PAGES: 02**

……………………………………………………………………………………………………

QUESTION -1

निम्नलिखित विषयो में से किसी एक विषय (Any One) **पर १०० शब्दों में निबंध लिखें** – [5]

1. **विजयदशमी**
2. **राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी**
3. **पुस्तकालय**
4. **गणतंत्र दिवस**

QUESTION -2

निम्नलिखित **गद्यांश को ध्यान से पढ़े और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें** | [5X2=10]

समय बहुत मूल्यावान होता है। यह बीत जाए तो लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करके भी इसे वापस नहीं लाया जा सकता। इस संसार में जिसने भी समय की कद्र की है, उसने सुख के साथ जीवन गुजारा है और जिसने समय की बर्बादी की, वह खुद ही बर्बाद हो गया है। समय का मूल्य उस खिलाड़ी से पूछिए, जो सेकंड के सौवे हिस्से से पदक चूक गया हो। स्टेशन पर खड़ी रेलगाड़ी एक मिनट के विलंब से छूट जाती है। आजकल तो कई विद्यालयों में देरी से आने पर विद्यालय में प्रवेश भी नहीं करने दिया जाता। छात्रों को तो समय का मूल्य और भी अच्छी तरह समझ लेना चाहिए, क्योंकि इस जीवन की कद्र करके वे अपने जीवन के लक्ष्य को पा सकते हैं।

(क) उपरोक्त गद्यांश में कीमती किसे माना गया है?

(ख) किसने सुख के साथ जीवन गुजारा ?

(ग) सेकंड के सौवें हिस्से से पदक कौन चूक जाता है ?

(घ) छात्रों को समय की कद्र करने से क्या लाभ होता है?

(ङ) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा ?

QUESTION -3

निर्देशानुसार उत्तर दें [DO AS DIRECTED]- [2X4 =8]

1. निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो के दो - दो पर्यायवाची शब्द (SYNONYMS) लिखें -

आग , आनंद , कमल , घर

2 .निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो के विलोम (OPPOSITE) शब्द लिखें –

ज्ञान , सत्य , उचित , यश

3 .निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो के वचन (NUMBER) बदलिए -

लड़का , सखी , माता , नदी

4. निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो के लिंग (GENDER) बदलें -

बन्दर , बेटा , मोर , बालक

QUESTION -4

निम्नलिखित वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए- [2]

1. मैं एक विद्यार्थी हूँ।

2.मेरे पिताजी एक डॉक्टर है।

3.मेरी माता जी एक गृहणी है।

4.हम सब भारतीय है।